मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-161
26/03/2021

मुख्यमंत्री ने राजगीर में एन0एच0–82 पर प्रस्तावित एलिवेटेड कॉरिडोर का किया स्थल निरीक्षण

पटना, 26 मार्च 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज राजगीर में एन0एच0–82 पर प्रस्तावित एलिवेटेड कॉरिडोर का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने राजगीर रोपवे, साइक्लोपीयन वॉल होते हुए राजगीर बाजार तक निरीक्षण कर अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने साइक्लोपीयन वॉल के पास एलिवेटेड रोड के दोनों तरफ ऑब्जरवेशन डेस्क बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि एलिवेटेड रोड की ऊंचाई इस प्रकार की हो जिससे आवागमन के क्रम में सड़क के दोनों तरफ की तस्वीर दृश्यमान हो सके।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री श्री नीरज कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री एस0के0 सिंघल, अपर मुख्य सचिव पथ निर्माण श्री अमृत लाल मीणा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, ए0डी0जी0 स्पेशल ब्रांच श्री बच्चू सिंह मीणा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ0 गोपाल सिंह, पुलिस महानिरीक्षक पटना रेंज श्री संजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी श्री योगेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री हरिप्रसाथ एस0, डी0एफ0ओ0 डॉ0 नेशामणि के0 सहित गणमान्य व्यक्ति एवं अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

******